आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 27.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

......................................

संसद की विभाग संबंधी स्थायी समितियों का गठन कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के भर्तृहरि महताब वित्त समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि कांग्रेस के शशि थरूर विदेश मामलों की समिति की अध्यक्षता करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह रक्षा समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं, भाजपा के राज्यसभा सांसद और प्रदेश भाजपा प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल गृह विभाग से संबंधित स्थायी समिति के प्रमुख होंगे।

......................................

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन आज सिरोही जिले के दौरे पर है। श्री मुरूगन ने आज आबू रोड़ स्थित ब्रह्मकुमारी संस्था में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया और संस्था के सौलर प्लांट का अवलोकन किया। राज्य मंत्री आज ही ब्रह्मकुमारी संस्था में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का शुभारंभ भी करेंगे।

......................................

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आज प्रदेशभर में पर्यटन स्थलों और संग्रहालयों में आगन्तुकों का प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। इस साल विश्व पर्यटन दिवस की थीम –पर्यटन और शांति है। जयपुर में इस अवसर पर आमेर महल के पीछे सागर कुंड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें पर्यटन विभाग और कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भरतपुर में पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में आज सुबह से ही पर्यटकों का रोली चावल से तिलक लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया जा रहा है। सवाईमाधोपुर में भी रेल्वे स्टेशन पर देशी विदेशी पर्यटकों का परम्परागत रूप से स्वागत किया जा रहा है।

......................................

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश के कई जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कल जयपुर मेट्रो डिपो में श्रमदान किया गया। मानसरोवर मेट्रो डिपो के बाहरी हिस्से में कर्मचारियों, अधिकारियों और समस्त स्टॉफ ने साफ सफाई में अपना योगदान दिया। वहीं उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल की कार्मिक शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कर्मचारी अवकाश गृह में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया। जोधपुर रेल मंडल में स्वच्छ भोजन की पहल दिवस के तहत मंडल के स्टेशनों पर खाद्य स्टॉलों, खाद्य ट्रॉली और भोजनालय का निरीक्षण किया गया और यात्रियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। भरतपुर और जैसलमेर में स्वच्छता मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

......................................

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की 2024 के लिए स्नातक स्तर की समान पात्रता परीक्षा आज और कल दो पारियों में आयोजित की जा रही है। पहली पारी सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पारी 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। जयपुर में इसके लिए 149 केन्द्र बनाये गये है। प्रत्येक चरण में 50–50 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सवाईमाधोपुर में इस परीक्षा के लिए 30 केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिला मुख्यालय पर परीक्षा के सफल आयोजन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

......................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कडी होगी। प्रधानमंत्री का लगातार तीसरे कार्यकाल में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह चौथी कडी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

......................................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर वर्षा हुई है। सवाईमाधोपुर के पंचोलास बांध पर 25 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं बालोतरा में बायतू क्षेत्र के कुछ गांव में हल्की बूंदाबांदी हुई। धौलपुर में आज सुबह एक घंटे रिमझिम बारिश का दौर बना रहा, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। करौली में भी सुबह के समय ठण्डी हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। भीलवाडा के गुलाबपुरा रूपाहेडी और रायला में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज उदयपुर, कोटा संभाग के अनेक भागों और जयपुर, अजमेर, भरतपुर तथा जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं कल और परसो कोटा, उदयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

......................................

पाली में रोजगार कार्यालय की ओर से जिले के राजकीय बांगड उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज एक दिन का रोजगार शिविर लगाया गया है। इस शिविर में निजी क्षेत्र की 20 से ज्यादा संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है, जो क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवायेंगे। शिविर में आशार्थियों के लिए सेल्फी बूथ भी बनाया गया है।

......................................